राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

रामदास अग्रवाल मार्ग का लोकार्पण

पूरी दुनिया का हित हो, ऐसी व्यावहारिक सोच बनायें

—राज्यपाल

जयपुर, 20 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि समाज के सभी वर्ग मिल—जुलकर परिश्रम, संकल्प और समर्पण के साथ देश को आगे बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोगो को अपनी सोच बदलनी होगी। ऐसी व्यावहारिक सोच बनानी होगी, जिससे पूरी दुनिया का हित हो। श्री मिश्र ने कहा कि खेती सभी वर्ग के लोग करते हैं, जिन्हें किसान कहा जाता है और व्यापार में भी सभी वर्ग के लोग हैं, जिन्हें व्यापारी कहा जाता है।

राज्यपाल श्री मिश्र रविवार को यहां होटल मेरियट में रामदास अग्रवाल मार्ग के लोकार्पण और अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने रिमोट से रामदास अग्रवाल मार्ग का लोकार्पण किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि छोटे—छोटे उद्योग लगाकर सामाजिक संतुलन बनायें और मध्यम व बड़े उद्योग लगाकर क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त किया जा सकता है। राज्यपाल का मानना था कि उद्योगों में युवाओं को आगे लाना होगा और उनके नवाचारों को बढ़ावा देना होगा ताकि देश का विकास हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय रामदास अग्रवाल उनके घनिष्ठ मित्र थे। वे सिद्धांत और संगठन दोनों के प्रति पूर्ण समर्पित रहे। सिद्धांतों के साथ उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। राज्यपाल ने स्व. अग्रवाल को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री गुलाब चन्द कटारिया ने कहा कि स्व. रामदास जी एक पाठशाला थे। समारोह को सांसद श्री रामचरण बोहरा, श्री टी.जी. वैंक्टेश, श्री श्याम जाजू, विधायक श्री कालीचरण सर्राफ और जयपुर नगर निगम के मेयर श्री विष्णु लाटा ने सम्बोधित किया। समारोह में स्व. रामदास अग्रवाल की पत्नी श्रीमती मानवती अग्रवाल भी मौजूद थी। कार्यक्रम में उद्योगपति श्री दामोदर दास मोदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस.एस. अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया और आभार श्री गोपाल गुप्ता ने व्यक्त किया।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान